SHREE JAIN LIBRARY
No—
SIROHI STATE
Date.....19

Digamber Jain—Surat. Regd. No. B-744.

वीर सं० २४४९
भाद्रपद।
विक्रम १९७९.

संपादक—
मूलचंद किसनदास कापड़िया—सूरत।

वर्ष १६ वां
अंक ११ वां
ई. सन् १९२३

## विषयानुक्रमणिका।


| नं० | विषय | पृष्ठ |
|---|---|---|
| १. | सम्पादकीय वक्तव्य .... .... .... .... | १ |
| २. | जैन समाचार संग्रह .... .... .... .... | ५ |
| ३. | छोटालाल गांधीनो छुटकारो ने मानपत्र .... .... | ८ |
| ४. | दशलक्षण धर्म ( ब्र० ज्ञानानंद कृत कविता ) .... | ९ |
| ५. | दशलक्षण धर्म ( बा० सुमतिलाल जैन ).... .... | १७ |
| ६. | मिथ्यात्वका लक्षण भेद, व उनका स्वरूप.... .... | १९ |
| ७. | फालसा ( " वैद्य " ) .... .... .... .... | २१ |
| ८. | बारह भावना व बारह मासा .... .... .... | २२ |
| ९. | गुजरात व वागड़में सं० विद्यालयकी आवश्यकता व गुजरात वागड़के श्रीमानोंसे अपील .... .... | २५ |
| १०–११ | जीवदया; गरमीमें गरम चाय.... .... | २७–२८ |
| १२. | प्रातः कर्म विचार ( मोहनलाल मथुरदास काणीसा ) | २९ |


पेशगी वार्षिक मूल्य रु० १–१२–० पोस्टेज सहित।

# " दिगम्बर जैन " के तीन उपहारग्रन्थकी

# वी० पी० होरही हैं।

दिगम्बर जैन (वर्ष १४ व १५ वाँ) वीर सं० २४४७ व २४४८ अर्थात् सं० १९७७-७८ का वार्षिक मूल्य करीब २ सभी ग्राहकोंसे वसूल आनेका है और इन दो वर्षोंके तीन उपहार ग्रन्थ—

१. श्रावक प्रतिक्रमण ( विधि, अर्थ सहित )

२. बालबोध जैनधर्म ( चतुर्थ भाग )

३. जैन इतिहस प्रथम भाग ( प्रथम १२ तीर्थंकरोंका चरित्र )

तैयार हैं और दो वर्षोंका मूल्य वसूल करनेके लिये रु० ३।=)की वी० पी० से भेजे जारहे हैं। आशा है सभी ग्राहक वी० पी० आते ही मनीऑर्डर चार्ज =) सहित ३।।) देकर तुर्त छुड़ा लेवेंगे।

जब इन दो वर्षोंके सभी अंक आपको मिल चुके हैं तब आपका प्रथम कर्तव्य है कि वी० पी० अवश्य छुड़ा लेवें। इन पीछले दो वर्षोंका मूल्य देरसे वसूल करनेमें हमारा ही प्रमाद कारणरूप है।

वर्तमान १६ वें वर्षमें भी एक ग्रन्थ उपहारमें दिया जायगा जो तैयार होनेपर इस वर्षका मूल्य भी वसूल किया जायगा। जिन २ ग्राहकोंका मूल्य आगया है उनको ये ग्रन्थ बुकपेकेटसे भेजे जांयगे।

किसी ग्राहकको हिसाबमें कुछ भूल मालूम हो तौभी वे वी० पी० वापिस न करें। जो कुछ भूल होगी, दूसरे वर्षके मूल्यमें समज ली जायगी।

**मैनेजर, दिगम्बर जैन-सूरत।**

॥ श्रीवीतरागाय नमः ॥

# दिगंबर जैन.

# THE DIGAMBAR JAIN.

नाना कलाभिर्विविधश्च तत्त्वैः सत्योपदेशैस्सुगवेषणाभिः ।
संबोधयत्पत्रमिदं प्रवर्त्तताम्, दैगम्बरं जैन-समाज-मात्रम् ॥

वर्ष १६ वाँ. | वीर संवत् २४४९. भाद्रपद वि० सं० १९७९. | अंक ११ वाँ.

## संपादकीयवक्तव्य.

**दशलाक्षणी पर्व ।**

हमारा वार्षिक पुण्य पर्वाधिराज श्रीदशलाक्षणी पर्व व्यतीत होरहा है व शीघ्र ही चतुर्दशी आते ही दशलाक्षणी पर्व पूर्ण होगा । दश धर्मके दश दिनोंमें अनंत चतुर्दशीका माहात्म्य विशेष है और इसीलिये सभी भाई बहिनें चतुर्दशीके दिन विशेष धर्मध्यान करते हैं । सब दिनके नहीं तो चतुर्दशीका अपवास तो बहुतसे भाई बहिनें अवश्य करते ही हैं । और इस दिन सब भाई अपना२ व्यवहार बंद ही रखते हैं । तथा कई स्थानों पर हमारे इस पर्वके कारण व्यापार बन्द रहता है । अब इस चतुर्दशीके दिन हमें अनेक प्रकारकेव्रत नियम लेने चाहिये, सुबहसे रात्रि तक सामायिक, प्रतिक्रमण, स्वाध्याय, पूजन, उपदेश आदिमें ही समय विताना चाहिये । हम 'अहिंसा परमो धर्मः'के माननेवाले हैं इसलिये हमारा प्रथम कर्तव्य है कि हमें एक सी वस्तु कि जिसके बननेमें हिंसा होती हो, मंदिरमें नहीं वर्तनी चाहिये । अर्थात् विलायती व मीलके बने कपड़े, जिसके तैयार करनेमें हजारों मन चर्बी वापरी जाती है ऐसे कपड़े न वर्तकर हाथके सूतकी व हाथकी बुनी विशुद्ध खद्दरका ही उपयोग करना चाहिये तथा कीडोंको उबाल कर तैयार होनेवाले रेशमके अशुद्ध कपड़ेको तो मंदिरमें अब स्थान न देना चाहिये । शास्त्रोंके बंधन, चंदोवा, तोरण आदिमें मखमल व रेशमी वस्त्रोंका उपयोग बहुत होता है उसको बंद करके शुद्ध खद्दरके ही वेष्टन उपकरणादि बदल देने चाहिये ।

अब इस चतुर्दशीको कई स्थानों पर कलह चतुर्दशी बना देते हैं अर्थात् इसदिन न्याति व मंदिर संबंधी अनेक झघड़े उपस्थित होकर बहुत टंटा फिसाद होता है यह ठीक नहीं है । मंदिरके हिसाब आदि पर्वके पहिले ही समज लेने चाहिये जिससे पर्वमें झघडा होनेका मौका ही न आवे ।

* * *

**तीर्थरक्षा फंड ।**

हम गतांकमें लिख चुके हैं तौ भी फिर लिखते हैं कि हमें इसी पर्वमें तीर्थरक्षा फंडको नहीं भूलना चाहिये । हमारे तीर्थोंकी रक्षा ही हमारे धर्म आयातनोंकी

रक्षा है व विना द्रव्य रक्षा कैसे होसकती है इसलिये प्रति वर्ष दि० जैनीके प्रत्येक घर पीछे तीर्थरक्षाफंडका १) देना अतीव सुलभ है। यदि सभी भाई इसप्रकार चंदा दे देवें तो हजारों रु० की वार्षिक आमदनी तीर्थक्षेत्र कमेटीको हो जावे परंतु इसके लिये प्रयत्न करनेकी आवश्यक्ता है। प्रयत्न यही करना चाहिये कि मंदिरोंमें मंदिरोंके लागके रुपिये उगाहे जाते हैं उसी वक्त सबसे तीर्थरक्षा फंडका रुप्या भी ले लेना चाहिये अथवा किसी स्वयंसेवकोंको खड़े होकर घर२ फिरकर ये रुपये इकट्ठे करके तीर्थक्षेत्रकमेटीको भेज देने चाहिये।

* * *

**दानका शुभ अवसर**

हमारी दि० जैन समाजमें ऐसी कई संस्थाएं हैं जिनका कार्य सुचारु रूपसे चल रहा है परन्तु उसमें खर्चके लिये काफी स्थायी फंड नहीं है इससे उनका कार्य चालु सहायतासे पूर्ण हो सकता है, ऐसी संस्थाओंमें वार२ दान देना दि०जैन समाजका कर्तव्य है परन्तु इस दशलाक्षणी पर्वके उत्तम अवसरमें तो ऐसा दान विशेषरूपसे होना चाहिये। इन संस्थाओंमें दान करनेसे चार दानोंका पुण्य मिलता है। हमारे दश धर्मोंमें उत्तम त्याग धर्मका माहात्म्य अपार है परन्तु इसके पालनके लिये हमें कुछ न कुछ त्याग (दान) इस दशलाक्षणी पर्वमें अवश्य करना चाहिये। हम समझते हैं कि सभी स्थानोंपर चतुर्दशीके दिन एक **दानका चंदा** होना चाहिये उसमें जितने रुपये नकद इकत्र हो हमारी नीचे लिखी संस्थाओंको बांटकर तुर्त ही मनिओर्डरसे भेज देने चाहिये। दान करने योग्य संस्थाओंके नाम इस प्रकार है— कुन्थलगिरि ब्रह्मचर्य आश्रम, स्या० महाविद्यालय काशी, ऋषभ ब्रह्मचर्य आश्रम जयपुर, महाविद्यालय व्यावर, श्राविकाश्रम बम्बई, उदेपुर पार्श्वनाथ विद्यालय, ब्र० आश्रम कारंजा, अनाथाश्रम देहली, अनाथाश्रम बड़नगर, औषधालय बड़नगर, सतर्क० जैन पाठशाला सागर, जैन शिक्षा मंदिर जबलपुर, जैन सिद्धांत विद्यालय मोरेना, भदावरप्रांत विद्यालय भींड, उदासीनाश्रम कुंडलपुर आदि आदि।

* * *

**सेठजीके का सदुपयोग।**

स्वर्गीय दानवीर जैनकुलभूषण सेठ माणिकचन्दजी करीब ढाई लाख रुपयेकी अपनी जुबिलीबागकी मिलकियत दान कर गये हैं जिसकी आयका उत्तम सदुपयोग इसके ट्रस्टियों द्वारा होरहा है। अभी इसके उत्साही मंत्री सेठ ठाकोरदास भगवानदास जौहरीने प्रकट किया है कि दानवीर सेठजीके जुबेलीबाग ट्रस्ट फंडकी आयसे सन् १९३३–३४के लिये इस प्रकार सहायता देना मंजूर होगया है। कोलेजके २९ विद्यार्थियोंको कुल २९१) मासिक सहायता, रतलाम बोर्डिंग १२९) मासिक, फुलकौर कन्याशाला सूरत २०) मासिक, बम्बई बोर्डिंग ३१) मासिक, कुरावद पाठशाला ९) मासिक, बनारस विद्यालय १६) मासिक, भींडर पाठशाला १०) मासिक, केशरियाजी

पाठशाला ७) मासिक, उदैपुर पाठशाला १५) मासिक तथा इसप्रकार आपकी हीराचंद गुमानजी जैन बोर्डिंगकी ओरसे १४ विद्यार्थियोंको १४१॥) मासिक स्कोलर्शीप, हीराबाग धर्मशालाके फंडसे १९ विद्यार्थियोंको रु० ३०६) मासिककी सहायता दी जायगी। इस प्रकार दानवीर सेठजीकी ओरसे करीब ७००, ८०० रु० मासिककी सहायता विद्यार्थियोंको दी जाती है। दानका सच्चा उपयोग यही है। क्या अन्य करोडाधीश, व लक्षाधीश सेठ माणिकचंदजीके दानका अनुकरण करेंगे ?

* * *

**लालाजीके इतिहासमें भूल।**

प्रसिद्ध देशभक्त लाला लाजपतरायजीने स्कूलोंमे चलानेके लिये "भारतका इतिहास" हिन्दी भाषामें बनाकर प्रकट किया है उसमें जैन धर्मपर अनेक प्रकारके आक्षेप लालाजीकी जैन धर्मके इतिहासकी अनानकारीसे होगये हैं जिसका विरोध स्थान२ पर होरहा है। इस इतिहासमें लालाजीने लिखा है कि (१) जैनधर्मके नये संप्रदायकी बुनियाद २४वें तीर्थंकरने डाली (२) बौद्धधर्म व जैनधर्मका सामान्य प्रभाव राजनीतिक अधःपातका कारण हुआ है। (३)जैनधर्मकी शिक्षा बौद्धधर्मसे अधिकांश मिलती है (४) बौद्धधर्म आरम्भके आसपास ही जैन धर्मका प्रकाश हुआ। (५) जैन स्पष्टरूपसे ईश्वरके अस्तित्वका इन्कार करते हैं (६) जैन होना परले दरजेकी कायरता है। (७) मनुष्योंके साथ उनका वर्ताव बडा ही निर्दयी होता है। (८) बडे शूरवीर राजा महाराजा चंद्रगुप्त आदि जैन धर्मके माननेवाले थे उनको जैनी नहीं प्रकट किया।

इसप्रकार अनेक आक्षेप जैन धर्मपर किये हैं इसलिये हरएक स्थानपर सभा होकर प्रस्ताव करने चाहिये कि ये आक्षेप निर्मूल हैं और लालाजीको इसकी नकल लाहौर भेजकर इतिहासमें सुधारा करनेकी सूचना करनी चाहिये।

* * *

**देशमें फिर ऐक्य।**

राष्ट्रीय महासभामें कार्यकर्ताओंमें धारासभा प्रवेश अप्रवेशपर बड़ा भारी अनैक्य होरहा था जिसके निवटेरेके लिये अभी देहलीमें खास महासभा होगई जिसमें ऐक्य होनेका प्रास्ताव होगया है अर्थात् जिनको धारासभामें जाना हो वे खुशीसे जा सकते है व मत भी दे सकेंगे। मौ० महमदअलीके असीम प्रयत्नसे ही यह समझौता होगया है। इस महासभामें सविनय भंग करनेकी व्यवस्थाके लिये एक कमेटीका निर्वाचन तथा सभी प्रकारके ब्रिटिश मालका बहिष्कार करनेका भी प्रस्ताव बहुमतसे होगया है। इसीसे देशमें फिर नवीन जीवनका प्रचार होगा। देशके अनेक नेता जेलसे छूटे हैं व महात्मा गांधीजी भी शीघ्र ही छूटनेकी अनेक खबरें आरही हैं। बहुत करके महात्माजी दिसम्बर तक अवश्य छूट जांयगे। स्वीडनका १५ लाख रुपयेका नोबल प्राइज भी महात्माजीको मिलनेकी संभावना प्रकट हुई है। शांति और सुलहके सिरताज महात्मा गांधीजीको जितना भी आदर मिले कम है।

* * *

## શા. છોટાલાલ ગાંધીનો છુટકારો ને માનપત્રો.

નાગપુરમાં રાષ્ટ્રીય વાવટાની રક્ષા માટે એક વર્ષની જેલ યાત્રાએ ગયેલા શેઠ છોટાલાલ ઘેલાભાઇ ગાંધી (અંકલેશ્વર) બીજા બધા સ્વયંસેવકોને સરકારે છોડી દીધા તે પ્રમાણે એઓ પણ છુટા થવાથી એમનું અપૂર્વ સ્વાગત તા૦ ૬-૯-૩ ને દિને અંકલેશ્વરની પ્રજા તરફથી થયું હતું. અને પ્રજા તરફથી એક માનપત્ર તેમજ અંકલેશ્વરના વીસા મેવાડા દિ૦ જૈન ભાઈઓ તરફથી એક માનપત્ર ખાદીપર છાપેલું અર્પણ કરવામાં આવ્યું હતું. જૈનોના માનપત્રની નકલ નીચે મુજબ છે. ભાઇશ્રી છોટાલાલ ગાંધીને જેલમાં છાપખાનાના મશીનનું ચક્કર ફેરવવાનું વગેરે અઘરું કામ સોંપવામાં આવ્યું હતું, તેથી એમનું શરીર કૃષ થઇ ગયું છે, છતાં પણ નિડરપણે જેલનું સંકટ વેઠી વિજય મેળવી વ્હેલા સ્વગૃહે આવી શક્યા છે. એજ મુજબ આમોદ નિવાસી ઠાકોરલાલ હરજીવનદાસ પણ છૂટી આવ્યા છે, જેમનું પણ આમોદમાં સારૂં સ્વાગત થયું હતું.

### માનપત્રની નકલ

ભારતમાતના મોઘેરાં સંતાન જૈનકુલદીપક, ધર્મબંધુ.

**શા૦ છોટાલાલ ઘેલાભાઇ ગાંધી.**

જય જિનેન્દ્ર.

માન્યવર મહાશય,

અહિંસા પરમો ધર્મઃ એ જૈનના મહાન સિદ્ધાંતને અનુસરીને મહાત્મા ગાંધીજીએ આદરેલા યુદ્ધમાં જોડાઇ, અહિંસાત્મક રીતે વિજય પ્રાપ્ત કરી શકાય છે, એવો પાઠ આખી આલમને પઢાવવામાં જે કાંઇ તમોએ ભાગ ભજવ્યો છે, તેની અમો ખરા અંતઃકરણથી પ્રશંસા કરીએ છીએ.

જૈનોને હિંસાત્મક યુદ્ધની અરૂચિ હતી ખરી, પણ આ યુદ્ધ તરફ અમને ધાર્મિક દ્રષ્ટિએ પણ માન છે; કેમકે તેમાં હિંસાને જરાય પણ સ્થાન નથી.

મોજશોખ, એશઆરામ, અને જહોજલાલીને લાત મારી પ્રજાના હિતાર્થે, અને ભારત માતની સેવા કાજે આપે સંકટ વેઠવા હામ ભીડીને જે અવર્ણનીય સેવા બજાવી છે, તેને અમો ખરા જીગરથી વધાવી લઇએ છીએ.

રાષ્ટ્રીય ધ્વજના માન અને રક્ષણની હાકલનો આપે કુટુંબ પરિવાર અને ઘરબારનો વિચાર નેવે મુકી જે સચોટ જવાબ વાળ્યો તેમાં અમો તમારી નિઃસ્વાર્થતા, હિંમત અને દેશપ્રેમ નીરખી શકીએ છીએ.

આ વખતે આપે જે સેવા બજાવી છે, તેમાં અમો જ્ઞાતિબંધુ તરીકે ગર્વ લઇએ છીએ કે, આપે જૈન કોમને ઉજાળી છે.

આપના ગુણોનું ગાન કરવા અમારામાં તાકાત નથી, છતાંએ આપનું ચારિત્રજ તેમ કરવા અમને પ્રેરે છે.

અમો ઇચ્છીએ છીએ કે આ ધર્મયુદ્ધમાં આપ વિજયદેવીને વરો, અને ભવિષ્યમાં પણ ધર્મ અને દેશને ખાતર પાછીપાની ન કરો, તેમજ જૈન કોમને દીપાવી તેનું ગૌરવ વધારવા પ્રયત્ન કરતા રહો; અને ભવિષ્યની પ્રજાને પાઠ પઢાવો કે **નિઃસ્વાર્થ સેવાજ મોક્ષનો માર્ગ છે.**-

અંતમાં અમારી હાર્દિક અભિલાષા છે કે પરહિતના ઉત્તમ કાર્યો આદરવા સદૈવ આપને બળ, બુદ્ધિ અને દીર્ઘાયુષ્ય પ્રાપ્ત થાઓ એવું ઇચ્છી આ અલ્પ **માનપત્ર** આપને અર્પીએ છીએ તે સ્વીકારી અમોને કૃતકૃત્ય કરશોજી.

લી૦ અમો છીએ-

અંકલેશ્વરના વીસા મેવાડા દિગંબર જૈનો.

તા૦ ૬-૯-૨૩

---

**पानीपत**-संस्कृत धर्म शिक्षा विभागके लिये परदेशी छात्रोंकी आवश्यकता है। सं० प्रवेशिकामें पढनेवालेको १०) मासिक छात्रवृत्ति मिलेगी। जैकुमारसिंह जैन मंत्री, जैन हाइस्कूल पानीपत (पंजाब)

# जैन समाचारावलि।

**इन्दौरमें**–रा० विश्वविद्यालयकी परीक्षा इसवार आगामी जनवरीमें होगी। परीक्षार्थी एक आना भेजकर आवेदन पत्र मगालेवें।

**नवीन ब्रह्मचारी**–ब्र० हीरालालजीके उपदेशसे नांदगांव निवासी सेठ खुशालचंदजी पहाड़ेने भाद्रपद सुदी २ को सातवीं ब्रह्मचर्य प्रतिमा धारण की है। आप एक वर्षसे पांचवी प्रतिमा धारण करके उदासीन वृत्तिसे घर पर रहकर धर्मध्यान करते थे और अब ब्रह्मचारी होगये हैं। उस दिन आपने ५००) औरंगाबाद पाठशालाको दिये तथा नांदगांवमें दूसरी प्रतिमा धारण करनेवाली स्त्रीको ५००) देना स्वीकार किया था।

**दक्षिण महाराष्ट्र जैन सभा**–का वार्षिक अधिवेशन कार्तिक मासमें कोल्हापुरमें होगा।

**वर्धामें**–जैन सेतवाल संगठन सभा स्थापित होकर उसका जलसा आश्विन वदी ९–६ को होगा।

**दो आदिसागर मुनि**–दक्षिणमें विराजमान हैं। एकने नसलापुर ( बेलगांव )में व दूसरेने आलते गांव ( हातकलंगडा स्टेशनसे ३ मील) में चातुर्मास किया है।

**तिजारा जैन पाठशाला**–के लिये पं० पद्मावतीप्रसादके प्रयत्नसे २०८०) का स्थायी फंडके लिये चंदा हो गया है।

**जैनेंद्र लघु कौमुदी**–पं० मनोहरलालजी शास्त्रीने तैयार की है और वे प्रकट करना चाहते हैं। शास्त्रीजी आजकल जैपुर ब्र० आश्रममें हैं।

**मूडबिद्रि**–की जैन संस्कृत पाठशालाको सेठ पूरनसाहजी प्रतिवर्ष १००) व आरानिवासी बाबू धरनेंद्रदासजी १२०) प्रति वर्ष देते हैं। कर्नाटकमें यह एक ही संस्कृत पाठशाला अच्छा कार्य कर रही है।

**भारतवर्षीय दि० जैन परिषद्**–कि जिसकी स्थापना गत देहली महोत्सवके समय हुई थी उसका कार्य चालू हो गया है। ला० रतनलालजी एम० ए० सहायक मंत्री बिजनौरसे सब प्रकारका पत्रव्यवहार हो सकता है। परिषद्का "वीर" पत्र भी शीघ्र ही प्रकट होनेकी तैयारी होरही है।

**खंडवा**–में सेठ गोपीकीसनजी देवकिसनजीके प्रयत्न व धन व्ययसे पोरवाड़ जातिके ९ गांवोंमें तडें थीं वे मिलगई हैं।

**चंपापुरमें**–श्री वासुपूज्य तीर्थंकरके पंचकल्याण हुए थे जिनमें निर्वाण कल्याणक भादों सुदी १४ को हुआ था। इसी दिन यहां मेला व भागलपुरमें रथयात्रा भी होती है।

**नागपुर**–प्रांतिय खंडेलवाल सभाका वार्षिक अधिवेशन आगामी मगसिर वदी ९–६–७ को रामटेकजीमें होगा।

**पानीपत**–में रक्षाबंधनके दिन ९२०)का दान मिला था जो काशी० स्या० विद्यालय, श्राविकाश्रम बम्बई आदि संस्थाओंको भेजा गया है।

**स्वर्गीय दानवीर**-सेठ माणिकचंदका चित्र जिस किसी बोर्डिंग, पाठशाला आदिमें चाहिये वे श्राविकाश्रम तारदेव बम्बईको शीघ्र ही लिखें जिससे एक साथ विशेष कापियां तैयार करवाकर भेजी जांय।

**वर्धामें**-दि० जैन बोर्डिंगका ११वां वार्षिकोत्सव आश्विन वदी ६को सेठ लालचंदजी छिंदवाड़ाके सभापतित्वमें होनेवाला है।

**औरंगाबाद पाठशालामें**-श्रावण सुदी १५को पूजन होम आदि होकर सब छात्रोंने यज्ञोपवित धारण किया था।

**जन्मदिनकी खुशीमें जलसा**-दानवीर रा० ब० सेठ कल्याणमलजी इंदौरने अपने जन्मदिन भाद्रपद वदी ९ को अपनी तिलोकचंद जैन हाईस्कूलके छात्रोंको पारितोषिक वितरणका जलसा होल्कर स्टेटके प्रधानमंत्रीके सभापतित्वमें किया था तब राज्यके अनेक पदाधिकारी व सर सेठ हुकमचंदजी आदि उपस्थित हुए थे व छात्रोंने हिन्दी, अंग्रेजी संवाद गायन तथा व्याख्यान किये थे। सेठजीकी तरफसे भी इन्दौरमें पांच संस्थाएं सुचारु रूपसे चल रही है।

**छात्र चाहिये**-सागरकी सतर्क० जैन पाठशालाके लिये २५ छात्रोंकी आवश्यकता है। जो हिंदीकी योग्यता रखते हों व जिन्हें ८ वर्षका अवकाश हो अर्जी भेजें। गणेशप्रसाद वर्णी जैन सं० पाठशाला, सागर।

**तीर्थक्षेत्र कमेटी**-की ओरसे तीर्थरक्षा फंडका प्रति घर पीछे १) उगाहनेके लिये पांच प्रांतमें पांच प्रचारक भेजे गये हैं।

**महावीरजी**-क्षेत्रके सुप्रबंधके लिये २१ सज्जनोंकी कमेटी नियुक्त हो गई है। कमेटीमें १० मेम्बर तीर्थक्षेत्र कमेटीके, १० जयपुर पंचायतके व १ भट्टारकजी नियत हुए है।

**बम्बई**-में ऐलक पन्नालालजी दि० जैन सरस्वति भवनका कार्य अच्छा चल रहा है।

**परवार समैये**-भाइयोंको परवार समाजने अपने रीतिरिवाजोंके साथ सामिल करनेका निश्चय किया है और इसके लिये समैया भाइयोंसे पत्रव्यवहार होरहा है। समैया परवार भाई यदि परवार भाइयोंके रीतिरस्म पालना स्वीकार करेंगे तो वे परवार समाजमें अब सामिल हो जांयगे। यह उचित ही है।

**वर्षगांठमें दान**-ला० शिवचरणलाल जैन जसवंतनगरने अपने जन्मदिनकी खुशीमें १०१) संस्थाओंको दान भेजा है।

**अमृतसर निवासी**-बा० मुसद्दीलालजीने उदैपुर दि० जैन विद्यालयके सभी छात्रोंके लिये पढनेकी पुस्तकें भेंट भिजवा दी हैं।

**तीन पुस्तकें मुफ्त**-भूगोलभ्रमण भ्रांति नामक पुस्तकके तीन भाग पं० प्यारेलालजी अलीगढ़ने तैयार करके प्रकट किये हैं वे विना मूल्य ला० जम्बूप्रसादजी प्रद्युम्नकुमारजी रईस सहारनपुरको लिखनेसे मिलते हैं।

**उपकरण भी बनवा देते हैं**-यदि मंदिरोंके लिये सोना चांदीके छत्र चमर चौकी आदि व जरी कामके उपकरण बनाने हो तो वे तीर्थक्षेत्र कमेटी हीराबाग बम्बईकी ओरसे बना देते हैं। कमेटी सिर्फ कमीशन लेकर यह कार्य कर देती है।

**नसीराबाद**–में ब्र० चांदमलजीके प्रयत्नसे सेठ लक्ष्मीचंदजीने आषाढ सुदी ५ को उदासीनाश्रम अपने खर्चसे खोलदिया है व खुद भी इसी आश्रममें रहकर धर्मध्यान करते हैं ।

ઇડર–માં જૈન યંગ મેન્સ એસીસીએશન તરફથી સભા થઇને લાલા લજપતરાયજીએ પેાતે બનાવેલા ભારત ઇતિહાસમાં જૈનધર્મ પર જે આક્ષેપ કરેલા છે, તેનેા વિરેાધ કરવામાં આવ્યેા અને એ પુસ્તક સુધારવાને માટે લાલાજીને પ્રાર્થના કરનારેા ઠરાવ પાસ થયેા હતેા.

**આબુજી ક્ષેત્ર**–પર યાત્રિઓની આવક ઓછી હેાવાથી આવક કરતાં ખરચ વધુ થાય છે. તેથી મુનીમ હજારીલાલજી મુનીમ ખર્ચની ટીપ માટે ગુજરાતમાં ભ્રમણ કરી રહ્યા છે. અને તેમને ઓરાણ પ્રાન્તિજના ૩૩ ગામેામાંથી રૂ. ૭૭૬ાની મદદ મળી છે.

**ક્ષમાવણીના** કાર્ડ–ગુજરાતી ભાષામાં બાર આને સેા લેખે મંત્રી ગુજરાત દિ૦ જૈન મંડળ, દિ૦ જૈન મંદિર ગુલાલવાડી, મુંબઇને લખવાથી મળી શકે છે.

**એમાં શું**–નામનેા જે લેખ ગયા અંકમાં છપાયેા છે, તેમાં નીચે મુજબ સુધારેા કરી લેવેા. " પેથાપુર મુકામે મળેલા પંચમાં રા૦ મેાહનલાલ શેઠાઇ છેાડયા પછી શેઠ તરીકે ચુંટાયા હતા. " તેને બદલે દરેક ભાઇયેાએ શેઠ તરીકે રા૦ ગગલદાસ વીરચંદને નમ્યા હતા " એમ વાંચવું.

ચુનીલાલ વીરચંદ ગાંધી.

**एक क्षत्रीने सप्त व्यसनका त्याग** किया–ठाकुर रामपालसिंहजी (आगरा)को हमने जंगलमें बंदूक लिये शिकार खेलने जाते देखकर आपको जंगलमें एक घंटा समझाया और दूरसे एक हिरनीके बच्चेको भयसे कड़खडाते भागते दिखाकर हिंसाके त्यागको कहा और सप्त व्यसनका स्वरूप समझाया जिससे जमनाजीमें खड़े होकर उसने यावज्जन्मको सप्तव्यसनका त्याग किया–बाबूराम मंत्री जीवदया–अहारन ।

**सर सेठ हुकमचंदजीको म्हैसुरमें मानपत्र**–श्रीमान सेठ हुकमचंदजी जैनबद्रीकी यात्राको जाते हुए मैसूर गए थे तब वहांके भाइयोंने जो मानपत्र दिया था वह यह है–

**नकल मानपत्र ।**

आपकी दानशीलता धर्मबुद्धि सदाचार व्यापारनैपुण्य आदि गुणोंको सुनकर हम लोगोंको बहुत दिनोंसे श्रीमानका दर्शन करनेकी उत्कंठा थी । आज आपने यहां पदार्पण किया है इसलिये हमलोग आजके दिनको सुदिन समझते हैं । आप इंदोरमें महाविद्यालय, धर्मशाला, औषधालय, उदासीनाश्रम, कंचनबाई श्राविकाश्रम, बोर्डिंग आदि संस्थायें खोलकरके जैनसमाजको बडा उपकार किया है । और भी समाजोपयोगी अनेक कार्योंके लिये श्रीमानने कई लाख रुपया खर्च किया है । जैन समाजमें आपसरीखे दानशूर मिलना बहुत दुर्लभ है । हमको गर्व है कि आप जैसे नररत्न हमारी जैन समाजमें है । आज हम हमारा सौभाग्य मानते हैं कि आप सरीखे सधर्मी धर्मात्मा पुरुषका सत्कार करनेका मौका हमको मिला है । हमारी सेवामें जो कुछ त्रुटि होवे उसके लिये हम क्षमाप्रार्थी हैं । यह भी प्रार्थना करते है कि यहां पर हरसाल दशहरेमें होनेवाली मैसूर प्रांतीय दिगंबर जैन सभाधिवेशनमें सभापतिस्थानको सुशोभित करनेके द्वारा और एकवार अवश्य आप दर्शन देनेकी कृपा करें ।

अंतमें हम श्री वीतराग भगवानसे प्रार्थना करते हैं कि आप दीर्घायुरारोग्य भाग्यशाली होकर संतुष्ट रहे । मैसूर दि० जैनसमाज ।

ता० २६–७–२३

**उपदेशकोंकी पोशाक**—अन्य समाजकी भांति जैनसमाजकी तरफसे तथा जीवदया सभा अहारनकी तरफसे भी अहिंसा प्रचारार्थ उपदेशक भ्रमण करते हैं। जनतामें नुक्तेचीनीका परीक्षा-प्रधानगुण बढ़ता जाता है और कोट, बूट, फेल्ट केप, सीपके बटन, ऊनका तथा विदेशी वस्त्र आदि व्याख्यानदाताओंको नहीं पहिरने चाहिये इससे जनसाधारण पर व्याख्यानका असर न होकर उनकी मजाक उड़ाई जाती है। कई उपदेशक अंग्रेजी बाल रखा लेते हैं, शृंगार करते हैं, रे, तू, छि, लानत, अफसोस, धिक्कार, आदि कड़े शब्दोंका जनता पर सभामें प्रयोग करते हैं। इससे शिक्षित समाजकी दृष्टिमें उनकी ग्रामीणता प्रगट होती है इसलिये ऐसा नहीं करना चाहिये। जैन समाज धार्मिक समाज है। कई व्याख्याता भंग पीते, विना छना जलसे स्नान आदि करते, बाजारका भोजन करते, अष्टमी, चतुर्दशीको भी पान आदि हरी खाते, आलू, गाजर आदि कंदमूल, गोभी, बथुआ, आदिका साग खाते हैं, जिससे भी जैन जनता पर उनका प्रभाव नहीं पडता है। अतएव उपदेशकोंको सब प्रकारसे स्वदेशी वस्त्र—अपने देशकी पोशाक पहिनते हुए, अभक्ष भक्षण आदिसे सदा बचना चाहिये और जनसाधारणसे अपने भीतर एक असाधारणता पैदा करना चाहिये जिससे अमीर गरीबसबपर प्रभाव पड़े।

**बाबूराम मंत्री** जीवदया अहारन।

**सचित्र खास अंक**—आगामी वीरनिर्वाण संवत २४६०के प्रारम्भमें भी प्रतिवर्षकी भांति हमारा विचार 'दिगम्बर जैन' का सचित्र खास अंक प्रकट करनेका निश्चित रूपसे है इसलिये हमारे सुज्ञ लेखकोंको हम अभीसे आमंत्रण करते हैं कि वे हिंदी, संस्कृत, गुजराती, मराठी व अंग्रेजी भाषा के उपयोगी लेख शीघ्र ही तैयार करके भेजें व कोई भाई अप्रकट प्राचीन तीर्थोंके, संस्थाओंके व प्रसिद्ध दानी धर्मात्माओंके चित्र व परिचय भेजेंगे तो उनको भी सहर्ष स्थान दिया जायगा। इस वर्ष भी करीब १००—१२५ पृष्ठका खास अंक निकालनेका हमारा इरादा है। आशा है हमारे लेखकगण व ग्राहकगण हमें इस कार्यमें अवश्य सहायक होंगे।

**आंखका वैद्यक** शर्तिया इलाज मुफ्त—वैद्यभूषण कृष्णवद्दनी बाईकी मंड़ी "आगरा" आंखका हरप्रकारका इलाज विना फीस करते हैं। कई बड़े अस्पताल और सिविल सर्जनके जवाब दिये हुए मरीजोंको आपने बिलकुल फायदा कर दिया है, उनके मकानपर दवा लेने और तस्दी कराने जाता है उससे न फीस और न दवाकी कीमत लेते हैं। मकानपर भी फीस देना आवश्यक नहीं हैं आप एक अच्छे क्षत्रीवंशके धनवान व्यक्ति हैं। परोपकारार्थ सच्चे दिलसे सेवा करते हैं। मुझे आंखके रोहोंको एक अंग्रेज अ० सर्जनने जवाब दे दिया था, आपने दो हप्तोंमें बिलकुल ठीककर दिया।

बाबूराम मंत्री जीवदया अहारन।

# दशलक्षण धर्म ।

## १. उत्तम–क्षमा ।

सोरठा ।

**जिनवर पद उर धार, धर्मतत्त्व वर्णन करूं ।**
**होते भवसे पार, जग–जन जिसको धारकर ॥ १ ॥**

पद्धड़ि ।

सद्दर्शन–ज्ञान–चरित्र जान, तीनोंको उत्तम धर्म मान ।
साधक इनके दश और धर्म, क्षम, मार्दव, आर्जव सत्य कर्म ॥ २ ॥
है शौच व संयम, तप व दान, आकिंचन, ब्रह्मचर्य प्रधान ।
यह दशधा धर्म कहा जिनेश, सेवत पावें जन सुख अशेष ॥ ३ ॥
जो चाहें शिवपुरका निवास, अरु रहते जगसे नित उदास ।
है त्याज्य उन्हें वह क्रोध क्रूर, जो देता जगको दुःख भूर ॥ ४ ॥
इस क्रोध दुष्टने किया नाश, जग–जीवोंको नित दिया त्रास ।
यह पापी लेता प्रेम छीन, कर एक हृदयके तीन–तीन ॥ ५ ॥
पितुसे करवाता पुत्र भिन्न, पति–पत्नी बंधन छिन्न–भिन्न ।
भाई–भाईमें रहे जंग, नहिं होने देता रोष संग ॥ ६ ॥
गुरु–शिष्य परस्पर करें रार, स्वामी–सेवक हैं खांय खार ।
मित्रों–मित्रोंमें खेंच तान, तलवार निकलती छोड़ म्यान ॥ ७ ॥
संयम–तप–तरुको क्रोध आग, है भस्म करे छिन मांहि लाग ।
दीपायन मुनि–मन लगी जाय, है दिया द्वारिकाको जलाय ॥ ८ ॥
क्रोधी–आत्मा हो प्रथम नष्ट, होवे न शत्रु चाहे विनष्ट ।
क्रोधाग्नि बुझाता नहीं नीर, कर शान्त सकें नहिं बड़े वीर ॥ ९ ॥
रहती मनके जब क्षमा बीच, झट भगता–फिरता क्रोध नीच ।
जो करता इसपर सत्य–प्यार, देती भव–पारावार तार ॥ १० ॥
दुर्गति–पिशाचिनीको भगाय, गुण–गणकी करती नितसहाय ।
ज्ञानी इसकी महिमा अपार, सब तत्त्वोंमें है यही सार ॥ ११ ॥

रत्नत्रयकी जगमगे ज्योत, मनमांहि करे है जब उद्योत ।
मिथ्यात्व-ध्वान्तका करे नाश, चिन्तामणिसी जब रहे पास ॥ १२ ॥
असमर्थ करें यदि आय रोष, उनके क्षन्तव्य तथापि दोष ।
शशिसम शीतल जिनका स्वभाव, वे धन्य नरोत्तम जगतराव ॥ १३ ॥

**जिनके शांति समीप, ऐसे जन इस लोकमें ।**
**होते मुक्ति महीपें, जगत-पूज्य होकर सदा ॥ १४ ॥**

* * *

## २. उत्तम-मार्दव ।

**मान नशे में भूल, गिने बडा जो आपको ।**
**अपने पथमें शूल, बोता अपने हाथ से ॥ १ ॥**

कुलसे हूं उन्नत, रूपवान, धन है मेरे, मैं बल-धाम ।
विद्यासे उन्नत तपोवान, हूं जाति-समुन्नत, सर्वरेमान ॥ २ ॥
जगमें मेरा ऐसा प्रभाव, दरवाजे आते रंक-राव ।
होता जिसपर मेरा प्रकोप, मानो उसका तुम हुआ लोप ॥ ३ ॥
इस भांति नशेमें होय मस्त, निज-जीवन करता अप्रशस्त ।
चक्रीका भी नहिं रहा मान, कब कौन हुआ इसका न ध्यान ॥ ४ ॥
यह अधेला चलती नहीं साथ, जाते सब अंत पसार हाथ ।
इस भूपर बहुते गये होय, वे धन्य, जु भवको गये खोय ॥ ५ ॥
कुल, जाति, परिग्रह, धन, व रूप, नहिं चेतनके हैं ये स्वरूप ।
पर द्रव्योंका अभिमान त्याग, नित आत्म-गुणोंमें करो राग ॥ ६ ॥
त्रसकी थावरसे लही काय, तिसपर भी नरता[६] मिली आय ।
खोवो मत मान-कषाय मांहि, यह रत्न गया फिर मिले नांहि ॥ ७ ॥
मानीसे सब ही रहें रुष्ट, मा, बाप व भाई कहें दुष्ट ।
गुरु-जन भी करते नहीं प्यार, धिक्कार हैं सब बार-बार ॥ ८ ॥
इस कारण छोड़ो मान, मित्र ! चितपर मृदुताका करो चित्र ।
तिहुं लोकमें मृदुता कही सार, कर देती भवसे शीघ्र पार ॥ ९ ॥

**करके मान कषाय, जो नहिं जीते जा सकें ।**
**छूते आकर पाये मार्दव, धर्म प्रभावसे ॥ ॥ १० ॥**

---

१ अन्धकार । २ क्रोध । ३ क्षमा करने योग्य । ४ राजा । ५ पृथ्वी । ६ मनुष्यपना ।

## ३. उत्तम आर्जव।

**करके मायाचार, दुर्गति पाता जीव है।**
**होता भवसे पार, आर्जव धर्म प्रभावसे ॥ १ ॥**

मन–वच–कायाको एक रूप, करे आर्जव धर्म कहो अनूप।
यह माया–शल्य चुभे सदीव, व्रत पालत भी व्रत रहित जीव ॥ २ ॥
माया ठगनीकी प्रेम–फांस, करवाती तिर्यग्योनि वास।
जहां मिलती भू, जल, अनल, काय, वायु व वनस्पतिकाय हाय ॥ ३ ॥
लट, बिच्छू, शूकर, सर्प, श्वान, मक्खी व ततैयें भ्रमर जान।
बिल्ली, खर[१], बंदर, भैंस, गाय, कर माया इनमें पड़ें जाय ॥ ४ ॥
जहं नित्य निरन्तर नये त्रास, हैं एक अन्यके बनें ग्रास।
करि[२]पर केहरी[३] करता प्रहार, नित खाता बगुला मत्स्य[४] मार ॥ ५ ॥
नित सर्प नकुल का रहे बैर, बिल्ली से चूहों की न खैर।
चेतन होकर भी जड़समान, कुछ निज–परकी न रहे पिछान ॥ ६ ॥
यह माया दुखदाई महान, क्यों करते होकर बुद्धिमान्?।
नर–भव नहीं मिलता बार-बार, छल-कपटमें व्यर्थ न करो ख्वार ॥ ७ ॥

**नहिं होता विश्वास, कपटीका इस लोकमें।**
**करते सब सन्मान, ऋजुता[५]धारी जीवका ॥ ८ ॥**

* * *

## ४ उत्तम सत्य।

**बोलो बचन रसाल, नहिं इसमें हो खर्च कुछ।**
**कर्कश शब्द निकाल, जगमें होते निंद्य क्यों ॥ १ ॥**

इक देश, सकल वा सत्य पाल, अतिचार सत्यके पंच टाल।
मिथ्या उपदेश व कूट[६] लेख, नहीं कहो किसीकी बात देख ॥ २ ॥
हरना तु धरोहर कहा पाप, पर आशय प्रकट न करो आप।
भय–लोभ–क्रोधके वशी होय, नहिं मिथ्या भाषण करो कोय ॥ ३ ॥
निर्दोष कहो तुम सदा बैन, परको दुखदे, नहिं गिनो चैन।
जो जिह्वा सत्य न कहे बात, मुखमें वह पन्नग[७] सी दिखात ॥ ४ ॥

---

१ गधा। २ हाथी। ३ सिंह। ४ मछली। ५ सरल परिणामी। ६ झूंठी बात लिखना। ७ सर्प।

पन्नग–विष नाशे है शरीर, लगता चेतनमें बचन तीर।
पन्नग विषके हैं सो उपाय, बचनोंका विष उतरे न हाय ! ॥ ५ ॥

माला, मणि, चन्दन, शशि[1], समान, या मृदु भाषाको सुधा जान।
चिंतामणि वा वह कल्पवेल, है स्वर्ग–मार्ग या मोक्ष गैल ॥ ६ ॥

चित चातकको वह स्वाति बूंद, मन फटे हुएके लिये गूंद।
हृदयाग्नि[2]लको घन[3]के समान, करवाती सबको सुधा–पान ॥ ७ ॥

**सत्य–रसायन पाय, खाओ हृदका रोग तुम।**
**नहिं कुछ अन्य उपाय, भव-सागरसे तिरनका ॥ ८ ॥**

* * *

## ५. उत्तम शौच।

**धर चित नित संतोष, दुखद लोभको त्यागकर।**
**ज्ञानादिक धन पोष, सब सुखका जो मूल है ॥ १ ॥**

यह लोभ दवानल हृदय बीच, जब जगती, करती कार्य नीच।
व्रत, जप, तप, संयम, ज्ञान, दान, सब जलकर होते रज समान ॥ २ ॥

धन–ईंधनको है सतत पाय, लोभानल बढ़ती चली जाय।
चक्रीपदके भी नहीं भोग, कर सकते उसको शांत शोक ! ॥ ३ ॥

इस लोभानलसे दग्ध जीव, अतिनिंदित कार्य करें सदीव।
छल कपट निरंतर लूट–मार, पर तनु काटें ले खड्ग धार ॥ ४ ॥

जो पैदा करते मात–तात, लोभी उन तकका करें घात।
जग–सम्पतिको चाहे प्रत्येक, हिस्सेमें कण आता न एक ॥ ५ ॥

शुचि चिन्मणि–मंदिर बना देख, ज्ञानामृत–वापी भरी, पेख।
नित लोल–कलोल करें विवेक, नहिं बाधा आती पास एक ॥ ६ ॥

डुबकीको एक लगाय मित्र, देखो ! फिर आनन्द है विचित्र।
जो डूब गये मझधार माँहि, संसारमें उनका पता नाँहि ॥ ७ ॥

**शौच–सुधाकर पान, लोभ–दाह मेटो दुखद।**
**शुद्धातमका ध्यान. करके पहुंचो शिवनगर ॥ ८ ॥**

---

१ चंद्रमा। २ हृदयकी अग्नि। ३ मेघ।

## ६. उत्तम संयम।

**पंच स्थावर काय, अरु त्रसका रक्षण करो।**
**सेवो न विषय कषाय, पञ्चेन्द्रिय-मन वश करो ॥ १ ॥**

करके प्रमाद अति क्रूर जीव, त्रस थावर घात करें सदीव।
जो मृग-गण करते तृण अहार, उनपर भी क्रूर करें प्रहार ॥ २ ॥
माता सम नित जो दुग्ध दान, देती हैं गायें हर्ष मान।
उनके तनुको भी कर विनष्ट हत्यारे खाते अति निकृष्ट ॥ ३ ॥
निज-तनमें सुईका विघात, है दुखदाई जब जग विख्यात।
तब निज सम परके प्राण जान, कर रक्षा देओ अभय दान ॥ ४ ॥
अरि तनका भी न करो विनाश, तज द्वेष करो निजगुण विकाश।
बहु-जीव विघाती कार्य टाल, कर करुणा कहलाओ दयाल ॥ ५ ॥
करि मत्स्य भ्रमर, मृग अरु पतंग, इक-इक इंद्रियवश नशें अंग।
नरका पांचों छेदें शरीर, नितचित्त चलाता अतुल तीर ॥ ६ ॥
इनको है संयम यम समान, धर निग्रह करलो रे! सुजान।
इनका निग्रह कर साधु-वीर, पहुंचे भव-पारावार-तीर ॥ ७ ॥
**संयम पंच प्रकार, पंचम-गति कारण लखो।**
**भवि-जन इसको धार, शास्वत आनंद रस चखो ॥ ८ ॥**

* * *

## ७. उत्तम तप।

**लो इच्छाको रोक, विषयोंमें जो ले गिरे।**
**तपको कर मुनि-लोग, नित आतम निर्मल करें ॥ १ ॥**

मुनि गजसम मनको मत्त मान, उत्तमतप अंकुशसम पिछान।
करिणी[1] सम करेणु[2]से हटाय, शुभ-ध्यान रूप-संकल लगाय ॥ २ ॥
व्रतिपरिसंख्या[3]से कर प्रहार, रस त्याग निरस देते अहार।
अनशन तपवश आहार रोक, मन निग्रह करते साधु लोग ॥ ३ ॥
आकुलित देख किंचित् अहार, कर काय-क्लेश देते विचार।
निग्रह करते भी बार-बार, मुनि माघ सदृशको करे रुवार ॥ ४ ॥

---

१ हथनी। २ इन्द्रियों। ३ तीसरा तप।

चालिस—शेरों (सेरों) से करे युद्ध, वह मन—निग्रह करसके बुद्ध।
इससे ही मनके दमनहेत, गृह तज नित मुनि रहते सचेत ॥ ५ ॥
लें दंड, विनय धोर महान्, गुरु सेव करें नितप्रीति मान।
अभ्यास ज्ञानका करें नित्य, होते त्यागी जन लख अनित्य ॥ ६ ॥
नित आत्म—ध्यानमें रहें लीन, जग लीलाकी कर छान—बीन।
इस भांति सतत तपकर मुनीश, हो मुक्त विराजें जगत—शीश ॥ ७ ॥
**यों तप हितकर जान, करो सदा सब चतुर जन।**
**दुर्लभ नरभव मान, व्यर्थ विसारो क्षण नहीं ॥ ८ ॥**

* * *

## ८ उत्तम त्याग।

**त्याग कहो या दान, देना उत्तम सर्वदा।**
**हो निज—पर कल्याण, व बढ़े देय[1] वस्तु सदा ॥ १ ॥**
इस भव वनमें नित भ्रमत जीव, दुख सहते रहते हैं अतीव।
बहुव्याधि व्यथित तन विन आहार, भय—भीत सदा अज्ञान धार ॥ २ ॥
बहुते ज्वरसे पीडित सदीव, बहु प्लेग—रोगसे नशें जीव।
बहुतोंका 'क्षय' करता विघात, बहुतोंपर रहती कुपित 'वात' ॥ ३ ॥
बहुतोंको नाशे कुपित 'पित्त', बहुतोंको 'कफ' करता अचित्त।
बहु—उदर शूल से—तड़फड़ाय, मरजाते करते हाय! हाय!! ॥ ४ ॥
बहु कासै[2] श्वास वश व्यथित—काय, निज जीवनको देते नशाय।
औषधि दे करना रोग मुक्त, है प्राण—दानके तुल्य युक्त ॥ ५ ॥
औषधि देना है मुख्य धर्म, वट तरुवत फलता यह सुकर्म।
जो औषधि देते धीर वीर, वे पाते हैं उत्तम—शरीर ॥ ६ ॥
विन अन्न जगे जब उदर आग, बहु जन देते तब प्राण त्याग।
जो क्षुधित देख दें अन्न दान, वे होते हैं सम्पति—निधान ॥ ७ ॥
पट बिन जो रहते सतत तंग, पट देकर उनका ढको अंग।
प्यासेको शीतल जल पिलाय, झट तृषा—अनलको दो बुझाय ॥ ८ ॥
ज्योंके हरि पंजोंमें हिरन, भयभीत हुआ करता रुदन।
त्यों अशरणको भयभीत पाय, झट—पट ही उरमें लो लगाय ॥ ९ ॥

---

१—दान देने योग्य वस्तु। २ खांसी।

बिन आत्म-ज्ञानके जगत-जीव, अति क्लेषित रहते हैं सदीव ।
सुख-आशा-वश नित दुखद कर्म, करते बिन समझे आत्म-मर्म ॥ १० ॥
भ्रम-नाशक नित दो ज्ञान-दान, जिससे हो निज-पर की पिछान ।
छात्रोंको नित दो शास्त्रदान, विद्यालय खोलो मिल महान् ॥ ११ ॥
संग्रह ग्रंथोंका करो मित्र, ये रतन तुम्हारे हैं विचित्र ।
जो देते हैं नित ज्ञान-दान, वे होते बहु ज्ञानी महान ॥ १२ ॥

**करो स्व-पर-कल्याण, देकर उत्तम दानको ।**
**नहिं चाहो निज मान, फल नाशक जो दानका ॥ ९३ ॥**

* * *

## उत्तम-आकिंचन ।

**ग्रहण किया जो देह, ममता उससे भी तजो ।**
**किसके गृहिणी[1], गेह, नित आकिंचन वृष भजो ॥१॥**

यह जीव अतुल-सुख-वीर्यवान, जगदर्शक, निर्मल ज्ञानवान ।
होकर भी पुद्गल योग पाय, खो देता सब गुण, कर कषाय ॥ २ ॥
ज्यों सिंह स्यालका संग पाय, निज गौरवको देता भुलाय ।
त्यों निज परिणतिको भूल जीव, परमें रमता-फिरता सदीव ॥ ३ ॥
नित धन संचयमें रहे लग्न, या बनितासंगमें रहे मग्न ।
पितु, मात, मित्र, सुत, घर, दुकान, दुख पाता इनको आत्म मान ॥ ४ ॥
ज्यों शुष्क अस्थि[2] कुक्कुर[3] चबाय, निज रक्त पानमें मुदित काय ।
त्यों बहि-आभ्यंतर संग[4] भोग, मन मोद करें हैं मूर्ख लोग ॥ ५ ॥
घर, खेत, धान्य, धन, दास, यान, पशु, शयन, कुप्य[5], दश, भाण्ड हान ।
क्रोधादिक चतु, नव नो कषाय, मिथ्यात्व सहित चतुदश नशाय ॥ ६ ॥
मुनि-पद धर, निजकर आत्म ध्यान, ज्ञानी करते सुख-सुधा पान ।
हितकर मानें वैराग्य ज्ञान, जग वैभव गिनते तृण समान ॥ ७ ॥
शिवकोटि नृपति पाकर स्वज्ञान, शिव-मंदिर कोट किये प्रदान ।
आकिंचन वृष पाला अनूप, हो नग्न दिगम्बर सुख-स्वरूप ॥ ८ ॥
चक्रीपद माना दुःखरूप, तज, हुए केवली भरत भूप ।
बालकपनमें हो गनकुमार[7], पहुंचे परिग्रह तज शिवमझार ॥ ९ ॥

**द्विविध संग परिहार, निज गुण नित विकसित करो ।**
**भोग चुके बहु बार, जगके सब ही भोग तुम ॥ १० ॥**

---

१ स्त्री । २ गीदड़ । ३ हड्डी । ४ कुत्ता । ५ परिग्रह । ६ वस्त्रादि । ७ गनसुकुमाल स्वामी ।

## १०. उत्तम-ब्रह्मचर्य।

अतुल बली यह मार[1], व्यथित करे जगको सदा।
इसका कर संहार, ब्रह्मचर्य पालन करो ॥ १ ॥
भव-वनमें हरि[2] सम सुभट मार, निर्भय जगका करता शिकार।
हरि, हर, ब्रह्मा, चक्री नरेश, धरणेन्द्र, इन्द्र, बलधर, खगेश ॥ २ ॥
सबका मर्दितकर मान मार, बहु व्यथित करे है बार-बार।
जिसने कँपाया है पहार, वह रावण इससे गया हार ॥ ३ ॥
काणा, कृश, गंजा, गलित-पुच्छ, मदमाता स्मरवश श्वान तुच्छ।
स्मरवश गुरु लघु हों, क्षमी क्रुद्ध, भय, खाय शूर हों मूढ़ बुद्ध ॥ ४ ॥
अंगार सरीखी नारि जान, घृत कुंभ सदृश नर तन पिछान।
ज्यों अनल संगसे घृत विनष्ट, त्यों नारि संग हो मनुज नष्ट ॥ ५ ॥
हों मूर्च्छा, क्षय, भ्रम, ग्लानि, स्वेद, तो भी कामी नहिं गिने खेद।
ज्यों खान खुजाते पड़े चैन, त्यों कामी माने अमन-चैन ॥ ६ ॥
नित मार सहैहै पशु समान, फंस नारी चंगुलमें नहान।
फिर पाप-पोटका दीर्घ भार, ले गिरते जन दुर्गति मझार ॥ ७ ॥
मुनि ब्रह्मचर्य-तलवार धार, इस काम सुभटको सकें मार।
जग जयी कामसे ठान जंग, करे ब्रह्मचर्य ही मान भंग ॥ ८ ॥
पुरुषार्थ भूप वृष[3] मुकुट मान, यह ब्रह्मचर्य कोहेनूर[4] जान।
यह काम सर्पको गरूड़ रूप, जग तिरनेको नौका स्वरूप ॥ ९ ॥
निर्बलको औषधि दिव्य रूप, शिव-मंदिरकी सीढ़ी स्वरूप।
मन-हस्तीको केहरि समान, विषयाशा-विषको मंत्र मान ॥ १० ॥
भ्रम-मोह-निशाको भानु जान, दुखनाशक सतसंगति समान।
भव-कूप पड़ेको रज्जु रूप, मिथ्यामतिको जिन-वच-स्वरूप ॥ ११ ॥
लख आत्म-रमणमें सुख अशेष, अतिचार तजो पांचों हमेश।
इस बिन नर-भव अति दुखद मान, पालो इसको नित सुखद जान ॥ १२ ॥

पाया नर-भव रत्न, "अमर" पुण्यके योगसे।
कर अब ऐसा यत्न, जिससे भव बाधा मिटे ॥ १३ ॥

स्वर्गीय ब्र० ज्ञानानन्दजी।

---

१ काम। २ सिंह। ३ धर्म। ४ इतिहास। ५ सिद्ध हीरा।

# दशलक्षण धर्म।

उत्तम खम मद्दउ अज्जवं सच्चउ पुण सउच्च संजम सुतओ।
चाउ वि आकिंचण भवभव बंचणवभं चरू धम्म जु अखओ।

धर्मका अर्थ स्वभाव है। जो जिस वस्तुका स्वभाव है वही उसका धर्म है। जैसे अग्निका स्वभाव गर्मी, जलका स्वभाव ठंडक है। इसी प्रकार जो आत्माको कर्म मलसे रहित करके उसका वास्तविक स्वभाव ( अनंतदर्शन, अनंतज्ञान, अनंतवीर्य, अनंतसुख ) प्राप्त करावे, वही आत्माका धर्म है।

श्री आचार्य कहते हैं कि इस अक्षय धर्मके दश भेद हैं जिनके पालन करनेसे कर्मोंका नाश व सच्चे सुखकी प्राप्ति होती है।

१ **उत्तम क्षमा**–दुष्टोंके दुर्वचन कहने, तिरस्कार करने, हंसी उड़ाने, मारने, दुःखी करने आदि पर भी अपने परिणामोंमें मलिनताका न लाना। और कर्मोंका फल जानकर समताभावपूर्वक सहना।

२ **उत्तम मार्दव**–सबके साथ नम्रतासे वर्तना और अपनी १ जाति, २ कुल, ३ सुंदरता, ४ धन, ५ विद्या, ६ ज्ञान, ७ लाभ व ८ शूरवीरतापर किसी प्रकारका अभिमान न करना।

३ **उत्तम आर्जव**–हृदयमें किसी प्रकारका कपट न रखना, मन–वचन–कायकी कुटिलताको दूर करना।

४ **उत्तम शौच**–लोभका न होना, मन, वचन, कायकी शुद्धिके लिये संतोषका ग्रहण करना (व्यवहारमें स्नान आदि करनेको भी शौच कहा है)

५ **उत्तम सत्य**–सच बोलना, झूठ न बोलना, कठोर वचन न कहना, दूसरोंके दुःख देनेवाली बात न कहना, चुगली न करना, व्यर्थ बकवाद न करना, किसीकी हंसी न करना, आदि।

६ **उत्तम संयम**–अपनी इंद्रियोंको वशमें करना व विषयोंकी ओर प्रवृत्ति होनेसे रोकना, चलने–फिरने, उठने–बैठने, धरने–उठाने आदिमें किसी प्रकारका जीव घात न हो, ऐसे परिणाम रखना।

७ **उत्तम तप**–तप २ प्रकारका है।

(१) **बाह्यतप**–(१) लौकिकहानि–लाभकी इच्छा न करके संयमकी वृद्धिके लिये उपवास करना (२) उक्त प्रयोजनकी सिद्धि व ध्यानकी एकाग्रताके लिये भूखसे कम खाना (३) मुनिका भोजनके लिये जानेको ग्राम, घर आदिकका नियम करना, (४) इंद्रियोंको दमन करनेके लिये षटरसोंको या उनमेंसे किसी किसीको छोड़ते रहना (५) जहां ध्यान स्वाध्यायमें विघ्नके कारण न हों, ऐसे एकान्त स्थानमें सोना बैठना, (६) शरीरसे ममता दूर करनेके लिये कायोत्सर्ग करना, अर्थात् गर्मी सर्दीकी परीषह सहना, नदी किनारे पहाड़ आदि पर तप करना।

(२) **अंतरङ्ग तप**–(१) लगे हुए दोषोंको दण्ड लेकर निर्मल करना, (२) सम्यग्चारित्रकी तथा इनके धारकोंकी विनय करना, (३) मुनि-आर्जिका, श्रावक-श्राविका, रोगी व वृद्ध मुनिकी सेवा व सहायता करना (४) शास्त्रोंका यथारीति अध्ययन करना, (५) शरीरसे ममत्व

छोड़ना, (६) आत्म चिंतवन धर्मध्यान करना।

८ **उत्तम त्याग**—(१) अभय दान, (२) विद्या दान, (३) औषधिदान, (४) आहारदान, इन चार प्रकारके दानोंका देना, तथा सर्व प्रकारकी उपाधि व शरीर संबंधी दोषोंको छोड़ना।

दान देनेसे अवगुणोंका समूह सहज ही नाश होता है। चारों ओर निर्मल कीर्ति फैलती है, शत्रु भी पैरोंपर पड़कर नमस्कार करता है और भोगभूमिके सुख मिलते हैं, परन्तु दान सदा सुपात्रको करना चाहिये।

**श्री स्याद्वाद महाविद्यालय, काशीमें दान करनेसे चारों प्रकारके दानका लाभ होता है,** क्योंकि जो छात्रगण इस विद्यालयमें पढ़ते हैं उनको आहारदान व विद्यादान तो नित प्रति ही होता है। जब छात्रगण बीमार पड़ते हैं, तो उनकी दवा भी की जाती है, अतएव दान की हुई रकमका एक भाग औषधि दानमें भी लगता है। इस विद्यालय द्वारा योग्यता प्राप्त किये विद्वान तथा धर्माध्यापक व छात्रगण यथाशक्ति अभय दानका भी प्रयत्न करते हैं। इस विद्यालयमें ९० विदेशी छात्र विद्याध्ययन करते हैं जिनके भोजन, वस्त्र, पढ़ाई आदिका १०००) मासिक खर्च है जो जैनसमाजके उदार दातारोंकी नित प्रति दातृत्व पर ही निर्भर है। इस विद्यालयको स्थापित हुए १८ वर्ष हुए। अबतक १०० विद्वान इस विद्यालय द्वारा योग्यता प्राप्त करके प्रत्येक अंतमें अधिष्ठाता, धर्माध्यापक, उपदेशक—प्रचारक, संपादक, सुपरिन्टेन्डेन्ट आदिका कार्य योग्यतापूर्वक कररहे हैं।

अतएव इस परमपवित्र पर्यूषण पर्वमें प्रत्येक स्थानके भाइयोंको इस विद्यालयमें भी दान करना चाहिये। सालमें ३६५ दिन होते हैं। ३५) रोजानाका खर्च है। इस प्रकार ३६५ दिनोंके खर्चके लिये हर शहर व कसबाके भाइयोंको यथाशक्ति अवश्य दान करना चाहिये। श्री धर्मसंग्रह श्रावकाचारजीमें कहा है:—

**यत्सूनायोगतः पापं संचिनोति गृही धनम्।**
**स तत्प्रक्षालयत्येव पात्रादानाम्बुपूरतः॥**

अर्थात्—गृहस्थ लोग पंच सूना (पीसना, खांड़ना, चूल्हा सुलगाना, पानी भरना, झाड़ना) के संबंधसे जिस पाप समूहका संग्रह करते हैं, उसे पात्र दान रूप जल प्रवाहसे नियमसे धो डालते हैं।

नोट—विशेष विवरणके लिये श्री स्याद्वाद महाविद्यालय काशीकी वार्षिक रिपोर्ट मंगाइये।

(९) **उत्तम आकिंचन्य**—सर्व प्रकारकी सांसारिक सामग्रियों (२४ प्रकारकी परिग्रह) से ममता घटाना व उनका त्याग करना।

(१०) **उत्तम ब्रह्मचर्य**—विषय सेवन मात्रका अभाव और विषयोंसे अनुराग छोड़कर ब्रह्म (स्वआत्मा) में तल्लीन होना, ज्ञानकी वृद्धिके लिये गुरुकुलमें रहना व उनकी आज्ञा पालन करना, और विषय भोगादिक पुष्ट करनेवाले सर्व प्रकारके सुस्वाद भोजन, आभूषण, शृंगारादिक छोड़ना।

इस दशलक्षण धर्मके सेवन करनेसे अजर अमर अविनाशी मोक्ष सुखकी प्राप्ति होती है।

इस लिये हो भव्यजन! इसका नित्य पालन करो। ऐसा श्री आचार्यका आशीर्वाद है।

**सुमतिलाल जैन।**

# मिथ्यात्वका लक्षण भेद और उनका स्वरूप।

( लेखक-पं० चांदमल काला विशारद, पचार )

मिथ्यात्वका प्रबल साम्राज्य इस पंचम कालमें प्रत्येक व्यक्तिके हृदयमें खूबीसे अपना प्रभाव जमा रखा है। सम्यक्त्व इस मिथ्यात्वरूपी उग्र शत्रुसे डरकर कोसों दूर भाग गया है। पूर्वाचार्योंने मिथ्यात्वका स्वरूप इस तरहसे निरूपण किया है कि जीव, अजीव, आश्रव, बंध, संवर, निर्जरा, मोक्ष इन सप्त पदार्थोंका यथार्थ रूपसे निश्चय न होना। और यह मिथ्यात्व, अज्ञान, एकांत, विनय, संशय, विपरीत, गृहीत और निसर्ग आदि अनेक प्रकारसे विभक्त हैं। और यह संसाररूपी सागरमें परिभ्रमण करानेवाला है त्रिमूढतारूप मिथ्यात्व महापापको उत्पन्न करनेवाला और जीवोंके वधको धर्म कहता है। देव मूढ़ता, गुरुमूढ़ता, लोकमूढ़ता, इस तरह तीन भेदरूप हैं। बालाजी, भैरवजी, गणेशजी आदि रागीद्वेषी देवोंकी मनोकामनार्थ सेवाटहल आदर-सत्कारादि करनेमें अपना अहोभाग्य समझना **देवमूढ़ता है।**

परिग्रह आरम्भ और संसार सागरमें परिभ्रमण करानेवाले पाखंडी साधु तपस्वियोंका आदर सत्कार, सेवा टहल व भक्ति पूजनादि करना **गुरु मूढ़ता है।**

धर्म समझकर गंगा यमुनादि नदियोंमें तथा समुद्रमें स्नान करना, काशी करोत खाना, बालु और पत्थर वगैरहका ढ़ेर करना, पर्वतसे गिरना, अग्निमें जलना आदि अनुचित कार्योंको करना **लोकमूढ़ता है।**

उपर्युक्त बतलाये हुए मिथ्यात्वके भेदोंमें एकांत मिथ्यात्वी पदार्थको नित्य अनित्य ज्ञानस्वरूप अज्ञान स्वरूप न मानकर सर्वथा एक ही तरहसे मानते हैं। विनय मिथ्यात्वके वशीभूत जीव एक धर्ममें स्थिर न रहकर सर्वदा इधर उधर भ्रमण करता हुआ पागलवत् मालुम पड़ता है। संपूर्ण पदार्थोंके ज्ञाता रागद्वेषसे विनिर्मुक्त सर्वज्ञ वीतराग हितोपदेशी इन तीनों गुणों सहित जिनेन्द्र भगवानने जीव अजीवादि पदार्थोंको तत्व बतलाये हैं या अन्य तरहसे निरूपण किये हैं और तत्व सात होते हैं या न्यूनाधिक होते हैं आदि चिन्तवन करनेवाला **संशय मिथ्यादृष्टि है।** पदार्थोंको समझनेपर और निश्चय होजानेपर भी अन्य तरहसे मानना **विपरीत मिथ्यात्व है।**

जिस तरह कुत्ता रोटीको छोड़कर मांसको ग्रहण करता है उसी तरह गृहीत मिथ्यात्वको धारण करनेवाला मनुज कुहेतु कुदृष्टान्तोंसे परिपूर्ण उपदेशोंके वशीभूत कुतत्वोंका तो श्रद्धान करता है पर वास्तविक तत्वोंका श्रद्धान नहीं करता है। काले वस्त्रसे आच्छादित किया हुआ मनुष्य अंधकारमें रंगबिरंगे चित्रोंको नहीं देख सकता उसी तरह निसर्ग मिथ्यात्वी अज्ञानतासे सदुपदेशों द्वारा अनेक बार समझाने पर भी वास्तविक तत्वोंका श्रद्धान नहीं करता है।

बंधुवर, जिस तरह मिट्टीसे भरी हुई तूंबरीमें जल कदापि नहीं रह सकता है उसी तरह परिपाकमें कटुक फल देनेवाले मिथ्यात्वरूपी रजोमलसे जिन पुरुषोंकी आत्माएँ मलिन होगई हैं उनकी आत्मामें दया, शांति, ध्यान, तप,

व्रतादि समस्त सद्गुण प्रकट नहीं होते हैं। जिस तरह उन्मत्त मनुष्य माको बहिन मार्याको माता, भ्राताको पिता, पिताको भाई, माको माता, मार्याको भार्या कह देता है किंतु वास्तवमें ये सब क्या हैं इस बातका निश्चय नहीं कर सकता उसी तरह मिथ्यात्वके प्रबल प्रभावसे हेयको उपादेय, सत्को असत् समझता है परन्तु वास्तविक बातको नहीं जानता है।

